।।कार्यालय नगर पंचायत केदारनाथ,जनपद–रूद्रप्रयाग।।

संख्या– 21 / CSRIGL / 2026–2027

दिनांक–11 / 05 / 2026

सेवामें,

1. श्री संजीव भाटिया,ईडी
(बिजनेस डेवलपमेंट एंड कॉर्पोरेट स्ट्रेटेजी)
INDRAPRASTHA GAS LIMITED
2. श्री अजय त्यागी, ईडी
(प्रोजेक्ट एक्सपेडिशन)
INDRAPRASTHA GAS LIMITED

विषय– श्री केदारनाथ धाम में वेट वेस्ट के वैज्ञानिक निस्तारण हेतु सीएसआर मद के अंतर्गत बायोगैस / सीएनजी प्लांट स्थापना के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि केदारनाथ देश के प्रमुख आस्था केंद्रों एवं विश्वविख्यात तीर्थस्थलों में से एक है, जहाँ प्रतिवर्ष अत्यधिक संख्या में श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों का आगमन होता है। यात्रा अवधि के दौरान स्थानीय प्रतिष्ठानों, भोजनालयों, आवासीय इकाइयों तथा अन्य गतिविधियों के फलस्वरूप क्षेत्र में प्रतिदिन पर्याप्त मात्रा में गीला अपशिष्ट उत्पन्न होता है,जिसमें खाद्य अवशेष, फल सब्जी अपशिष्ट, जैविक पदार्थ तथा अन्य अपघटनीय सामग्री सम्मिलित रहती है। चूँकि यह क्षेत्र उच्च हिमालयी एवं पारिस्थितिकीय दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है, अतः उक्त अपशिष्ट का वैज्ञानिक, पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप एवं दीर्घकालिक निस्तारण अत्यंत आवश्यक है।

अतः उपरोक्त के कम में अनुरोध है कि INDRAPRASTH GAS LIMITED द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व मद के अंतर्गत श्री केदारनाथ धाम में बायो–सीएनजी / कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट की स्थापना हेतु आवश्यक वित्तीय एवं तकनीकी सहयोग प्रदान किये जाने पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का कष्ट करें। उक्त परियोजना की स्थापना से गीले अपशिष्ट का समुचित निस्तारण सुनिश्चित होगा ।

भवदीय

11/05/2026

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत केदारनाथ

प्रतिलिपिः– निम्नांकितों को सादर सूचनार्थ।

01–जिलाधिकारी महोदय, जनपद रूद्रप्रयाग।
03–निदेशक महोदय,शहरी विकास विभाग उत्तराखण्ड,देहरादून।
04–उपजिलाधिकारी ऊखीमठ / प्रभारी अधिकारी नगर पंचायत केदारनाथ।
05–अभीष्ट कुसुम गुप्ता,सामाजिक कार्यकर्ता।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत केदारनाथ

।।कार्यालय नगर पंचायत केदारनाथ,जनपद–रूद्रप्रयाग।।

संख्या– 21 / CSRIGL / 2026–2027

दिनांक–11 / 05 / 2026

सेवामें,

1. श्री संजीव भाटिया,ईडी
(बिजनेस डेवलपमेंट एंड कॉर्पोरेट स्ट्रेटेजी)
INDRAPRASTHA GAS LIMITED
2. श्री अजय त्यागी, ईडी
(प्रोजेक्ट एक्सपेडिशन)
INDRAPRASTHA GAS LIMITED

विषय– श्री केदारनाथ धाम में वेट वेस्ट के वैज्ञानिक निस्तारण हेतु सीएसआर मद के अंतर्गत बायोगैस / सीएनजी प्लांट स्थापना के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि केदारनाथ देश के प्रमुख आस्था केंद्रों एवं विश्वविख्यात तीर्थस्थलों में से एक है, जहाँ प्रतिवर्ष अत्यधिक संख्या में श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों का आगमन होता है। यात्रा अवधि के दौरान स्थानीय प्रतिष्ठानों, भोजनालयों, आवासीय इकाइयों तथा अन्य गतिविधियों के फलस्वरूप क्षेत्र में प्रतिदिन पर्याप्त मात्रा में गीला अपशिष्ट उत्पन्न होता है,जिसमें खाद्य अवशेष, फल सब्जी अपशिष्ट, जैविक पदार्थ तथा अन्य अपघटनीय सामग्री सम्मिलित रहती है। चूँकि यह क्षेत्र उच्च हिमालयी एवं पारिस्थितिकीय दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है, अतः उक्त अपशिष्ट का वैज्ञानिक, पर्यावरणीय मानकों के अनुरूप एवं दीर्घकालिक निस्तारण अत्यंत आवश्यक है।

अतः उपरोक्त के कम में अनुरोध है कि INDRAPRASTH GAS LIMITED द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व मद के अंतर्गत श्री केदारनाथ धाम में बायो–सीएनजी / कंप्रेस्ड बायोगैस प्लांट की स्थापना हेतु आवश्यक वित्तीय एवं तकनीकी सहयोग प्रदान किये जाने पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का कष्ट करें। उक्त परियोजना की स्थापना से गीले अपशिष्ट का समुचित निस्तारण सुनिश्चित होगा ।

भवदीय

/

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत केदारनाथ

प्रतिलिपिः– निम्नांकितों को सादर सूचनार्थ।
01–जिलाधिकारी महोदय, जनपद रूद्रप्रयाग।
03–निदेशक महोदय,शहरी विकास विभाग उत्तराखण्ड,देहरादून।
04–उपजिलाधिकारी ऊखीमठ / प्रभारी अधिकारी नगर पंचायत केदारनाथ।
05–अभीष्ट कुसुम गुप्ता,सामाजिक कार्यकर्ता।

11/05/2026

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत केदारनाथ